फा. सं - 11014/35/2026 रा.भा (भा.भा.अनु.)

गृह मंत्रालय
राजभाषा अनुभाग
भारतीय भाषी अनुभाग

कार्यालय ज्ञापन

विषय: बहुभाषी अनुवाद टूल "भारती" के डेटा सेंटर और चैटबोट के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन।

राजभाषा विभाग द्वारा विकसित बहुभाषी अनुवाद सॉफ्टवेयर "भारती" का लोकार्पण दिनांक 14 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस 2025 एवं पाँचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में माननीय गृह मंत्री जी के द्वारा किया गया था। इस सॉफ्टवेयर की होस्टिंग तथा मशीन अनुवाद हेतु भाषा मॉडल के प्रशिक्षण आदि कार्यों के लिए एक डेटा सेंटर का निर्माण किया जा रहा है।

2. भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी सॉफ्टवेयर के लिए विकसित चैटबोट तथा डेटा सेंटर के लिए नामकरण के चयन हेतु एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय भाषाओं, राजभाषा हिंदी तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की भावना के अनुरूप सृजनात्मक एवं सार्थक नामों का चयन करना है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड /केंद्रीय विश्वविद्यालय इत्यादि के अधिकारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

3. इस प्रतियोगिता के नियम/शर्तें निम्नलिखित हैं:–

क. प्रतिभागी डेटा सेंटर एवं चैटबोट के लिए अधिकतम 3-3 पृथक (डेटा सेंटर एवं चैटबोट हेतु) नाम प्रस्तावित कर सकते हैं।
ख. प्रस्तावित नाम मौलिक, सार्थक, संक्षिप्त तथा भारतीय भाषाओं, संस्कृति एवं तकनीकी नवाचार की भावना को प्रतिबिंबित करने वाले होने चाहिए। नाम के साथ उसके अर्थ एवं औचित्य का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम 100 शब्दों में) देना आवश्यक होगा। प्रस्तावित नाम कापीराइट से मुक्त होना चाहिए ।
ग. प्रतियोगिता की अंतिम तिथि दिनांक **20/06/2026** होगी।
घ. प्रतिभागियों द्वारा भेजे गए नामों की समीक्षा विभाग द्वारा गठित समिति के माध्यम से की एवं समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
ङ. विभाग चयनित नाम में आंशिक संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

4. प्रतियोगिता का परिणाम जुलाई 2026 माह के अंतिम सप्ताह तक राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को विभाग द्वारा प्रशस्ति-पत्र किया जाएगा, जिसकी सूचना विभाग के वेबसाईट पर यथासमय दे दी जाएगी।

Digitally signed by
Dinesh Kumar Jha
Date: 11-06-2026
17:
(दिनेश कुमार झा)
अवर सचिव

प्रतिः-
1. **सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।**
2. **सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।**
3. **सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।**

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

भारती
बहुभाषी अनुवाद सारथी

सीडैक
CDAC

नाम-मंथन

डेटा सेंटर और चैटबॉट का नामकरण करें

भारत के पहले स्वदेशी और आत्मनिर्भर डेटा सेंटर और भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी के चैटबॉट का नामकरण के लिए नाम आमंत्रित हैं।

भारत की भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला बहुभाषी अनुवाद मंच

आपकी रचनात्मकता भारत की डिजिटल संपत्तियों के पहचान को आकार दे सकती है

चयनित विजेताओं को राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा

भाग लेने के लिए

स्कैन करें

Scan| Fill | Submit

अपने सुझाव साझा करें

1. स्वदेशी डेटा सेंटर के लिए नाम सुझाव
2. भारती बहुभाषी चैटबॉट के लिए नाम सुझाव

अपनी प्रविष्टियाँ 20 जून 2026 से पहले जमा करें

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf-cZ4HtE2HY0-trorIESMO6sNpvJoJYqaD0bA6W3yKyOiAdQ/viewform

भारत के डिजिटल भविष्य को एक साथ बनाना

आइए, योगदान करें और इस सार्थक पहल का हिस्सा बनें!

राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

भारती
बहुभाषी अनुवाद सारथी

सीडैक
CDAC

Name-Quest

Suggest Names for the Data Centre and Chatbot

We invite name suggestions for India's first indigenous and self-reliant Data Centre and the chatbot of Bharati Bahubhashi Anuvada Sarthi.

A Multilingual Translation Platform Representing the Languages of India

The First Data Centre for Multilingual Translation in Indian Languages

Shape the identity of India's digital assets with your creativity

Selected winners will be awarded a Certificate of Appreciation by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs

Scan to Participate

Scan| Fill | Submit

Share Your Suggestions

1. Propose a Name for the **Indigenous Data Centre**
2. Propose a Name for the **Bharati Bahubhashi Chatbot**

Submit Your Entries Before 20 June 2026

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf-cZ4HtE2HY0-trorIESMO6sNpvJoJYqaD0bA6W3yKyOiAdQ/viewform

Empowering India's Digital Future Together

Join us, contribute, and be a part of this meaningful initiative!